कुमार कमलेश,
अपर मुख्य सचिव

अ०शा०प०सं०-114/2020/755/35-1-2020
नियोजन, कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उत्तर प्रदेश शासन,
209, योजना भवन, लखनऊ
(0522) 2238973 / 2238467
(0522) 2238967 (फैक्स)

दिनांक- 10 दिसम्बर, 2020

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के प्रति विभिन्न राज्यों द्वारा की गयी प्रगति के आधार पर विगत 2 वर्षों से एस0डी0जी0 इण्डिया इंडेक्स प्रत्येक वर्ष जारी किया जा रहा है। इसी क्रम में नीति आयोग द्वारा एस0डी0जी0 इण्डिया इंडेक्स-3.0 (2020-21) की ड्राफ्ट रिपोर्ट 13 अगस्त, 2020 को जारी की गयी थी। इस सम्बन्ध में सलाहकार, नीति आयोग के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से दिनाँक 08 दिसम्बर, 2020 को योजना भवन, लखनऊ में एक कार्यशाला आहूत की गयी, जिसमें एस0डी0जी0 के नोडल विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सुश्री संयुक्ता समद्दार, सलाहकार, नीति आयोग द्वारा अवगत कराया गया कि इंडेक्स-3.0 की ड्राफ्ट रिपोर्ट में प्रस्तावित कुल 147 इंडीकेटर्स में से विभिन्न स्तर पर हुए विचार-विमर्श के उपरान्त 123 इंडीकेटर्स रह गये हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित 118 इंडीकेटर्स (गोल-14 के इंडीकेटर्स को छोड़कर) हैं। इन 118 इंडीकेटर्स का विवरण संलग्नक-1 पर अवलोकनीय है।

सलाहकार, नीति आयोग द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि सभी नोडल विभागों द्वारा अपने-अपने गोल से सम्बन्धित इंडीकेटर्स की ड्राफ्ट रिपोर्ट में अंकित प्रगति के आँकड़ों की समीक्षा कर, यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि यह आँकड़े अद्यतन हैं। इन आँकड़ों तथा प्रदेश की प्रगति के वास्तविक आँकड़ों में यदि कोई भिन्नता आती है तो उस स्थिति में अद्यतन आँकड़ों को 15 दिनों के अन्दर भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालयों/विभागों आदि के पोर्टल/वेबसाइट पर अपलोड/अपडेट करा दें। इस सम्बन्ध में यदि कोई कठिनाई आती है तो इसके निराकरण हेतु सुश्री विद्यावारियर, एस0डी0जी0 यंग प्रोफेशनल, नीति आयोग (ईमेल- vidya.warrier@nic.in एवं 09769824155) से सम्पर्क किया जा सकता है।

इंडेक्स-3.0 की ड्राफ्ट रिपोर्ट में गोल-6 के 10 इंडीकेटर्स प्रस्तावित हैं, जिसमें से 02 इंडीकेटर्स की परफार्मेंस इण्डिया स्कोर से कम तथा 08 इंडीकेटर की परफार्मेंस इण्डिया स्कोर से अधिक है। इण्डिया स्कोर से पीछे चल रहे इन 02 इंडीकेटर्स में अपेक्षित सुधार तथा इण्डिया स्कोर से ऊपर चल रहे 08 इंडीकेटर की परफार्मेंस को मेन्टेन कर प्रदेश को "फास्टेस्ट मूवर्स स्टेट" से "एचीवर स्टेट" की श्रेणी में लाया जा सकता है।

अत: अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त इंडेक्स-3.0 की ड्राफ्ट रिपोर्ट में अपने गोल से सम्बन्धित इंडीकेटर्स की प्रगति के आँकड़ों की तत्काल समीक्षा कर, नीति आयोग की अपेक्षानुसार अद्यतन आँकड़े, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों आदि के पोर्टल/वेबसाइट पर अपलोड/मिलान कराने के साथ-साथ नियोजन विभाग को स्वयं के हस्ताक्षर से एक प्रमाण-पत्र (Certificate) इस आशय के साथ प्रेषित किया जाये कि गोल से सम्बन्धित सभी इंडीकेटर्स की प्रगति के आँकड़े एवं डेटा सोर्स का मिलान कर लिया गया है एवं इसमें किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है। उक्त से मा0 मुख्यमंत्री जी को भी अवगत कराया जाना है।

भवदीय,

(कुमार कमलेश)

श्री मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
पंचायतीराज विभाग,
उ0प्र0शासन।

प्रतिलिपि -

1- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0शासन।
2- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

NITI Aayog SDG India Index (2020-21) - Draft list of indicators : Uttar Pradesh								
Note:- Green Implies performance above national average and Orange Implies performance below national average								
Sl. No.	**SDG target**	**NIF Alignment**	**Indicator**	**Data period**	**Source**	**National average**	**2020 value**	**Remarks**
GOAL 6: Clean Water and Sanitation								
1	6.1	6.1.1	Percentage of rural population getting safe and adequate drinking water within premises through Pipe Water Supply (PWS)	As on 01.04.2020	Department of Drinking Water and Sanitation,MoJS	37.04	14.56	
2		6.1.2	Percentage of rural households having improved source of drinking water	As on 01.04.2020	Department of Drinking Water and Sanitation,MoJS	96.91	99.57	
3	6.2	6.2.1 (P)	Individual household toilets constructed against target (SBM(G))	2020	SBM(G) Dashboard	100	100	
4		6.2.1 (P)	Individual household toilets constructed against target (SBM(U))	2020	SBM(U),MoHUA	105	107	
5		6.2.2	Percentage of districts verified to be ODF	2020	SBM(G) Dashboard	100	100	
6		6.2.3	Proportion of schools with separate toilet facility for girls	2018-19	MoE,UDISE+	95.33	95.51	
7	6.3	6.3.2	Percentage of industries (17 category of highly polluting industries/ grossly polluting/ red category of industries) complying with waste water treatment as per CPCB norms.	2019	CPCB,MoEFCC	88.40	96.27	
8		6.3 (P)	Percentage of population affected by quality-affected groundwater	As on 08.10.2020	IMIS Reports-ejalshakti,MoJS	2.06	0.32	
9	6.4	6.4.1	Percentage of ground water withdrawal against availability	2017	Central Ground Water Board	63.33	70.18	
10	6.6	6.6.1	Percentage of blocks/mandals/taluks over-exploited	2017	Central Ground Water Board	17.24	10.96	

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।